विशेषज्ञ बोले...डिमांड के अनुसार इंप्लाई अपडेट रहें

मोरहाबादी के आर्यभट्ट सभागार में छात्रों को संबोधित करते विशेषज्ञ।

सिटी रिपोर्टर | रांची

मार्स एंड मेकलन के डॉयरेक्टर एचआर दीपायन सेन शर्मा ने कहा कि तेजी से बदलाव हो रहा है। बदलाव के अनुसार और उसी रफ्तार से कंपनियों की आवश्यकताओं में भी परिवर्तन हो रहा है। इंप्लाई को भी जरूरत और डिमांड के अनुसार स्वयं को तैयार करना होगा। इंप्लाई को ह्यूमन क्लाउड की तरह काम करना होगा। यानी कंपनी में कार्य करने वाले अधिकारी या कर्मचारी ऑफिस से बाहर रहते हुए भी दी गई जवाबदेही का उसी तरह से निर्वहन करें, जैस कार्यालय में बैठकर करते हैं। यह टीम वर्क की भावना से कार्य करने से ही संभव हो सकता है। वे रविवार को आईआईएम, रांची द्वारा रांची यूनिवर्सिटी के बेसिक साइंस भवन के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में आयोजित एचआर कॉन्क्लेव में उपस्थित स्टूडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। कानक्लेव का थीम- फ्यूचर ऑफ वर्क, वर्कफोर्स एंड वर्क प्लेस था। शर्मा ने कहा कि कंपनी में हमेशा अपना बेस्ट देने की कोशिश होनी चाहिए। इससे पहले आईआईएम के एक्टिंग डायरेक्टर प्रो. रेखा सिंघल व प्रो. असित महापात्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। द वेब ग्रुप की रश्मि मनसा रमाणी ने कहा कि किसी भी आर्गेनाइजेशन में तीन तरह के लोग कार्य करते हैं। पहला जो हमेशा देने में विश्वास रखते हैं, चाहे उन्हें उसके बदले रिटर्निंग कुछ मिले या ना मिले। दूसरे ऐसे लोग होते हैं उन्हें जितना मिल रहा है उसी हिसाब से कंपनी को भी रिटर्न देते हैं। तीसरे लोग ऐसे होते हैं जो सिर्फ लेने में विश्वास रखते हैं।

Dainik Bhaskar, 11.11.2019, Pg. 02